# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

**जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो में भूमि विवाद/भूमि अप्राप्ति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 12.11.2025 को सम्पन्न वर्चुअल समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः-**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
3. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री सुभाष, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड गंगानहर, सिचाई विभाग, मुजफ्फरनगर।
5. श्री राजकुमार भारती, उपजिलाधिकारी जानसठ, मुजफ्फरनगर।
6. श्री प्रवीण कुमार द्विवेदी, उपजिलाधिकारी, सदर, मुजफ्फरनगर।
7. सुश्री निकिता शर्मा, उपजिलाधिकारी, खतौली, मुजफ्फरनगर।
8. श्री सुभाष, तहसीलदार, खतौली, मुजफ्फरनगर।
9. श्रीमति श्रद्धा गुप्ता, तहसीलदार जानसठ, मुजफ्फरनगर।
10. श्री राधेश्याम गौड, तहसीलदार सदर, मुजफ्फरनगर।
11. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
12. श्री संदीप धीमान, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
13. श्री मांगेराम प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
14. श्री गोवर्धन जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।
15. श्री कमाल अहमद, लेखपाल ग्राम पंचायत दधेडू कलॉ।
16. श्री सौरभ सिंह, लेखपाल ग्राम पंचायत बेगमपुर।
17. श्री शिव कुमार, लेखपाल ग्राम पंचायत महाबलीपुर।
18. श्री प्रवीन गुप्ता, लेखपाल ग्राम पंचायत सैदनगला।
19. श्री विकास धीमान, लेखपाल ग्राम पंचायत रहमतपुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में **दिनॉक 12.11.2025** को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सम्बन्धित फर्मो एवं सम्बन्धित लेखपाल/पंचायत सचिव/ग्राम प्रधानो के साथ भूमि विवाद के सम्बन्ध में वर्चुअल समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

**ग्राम पंचायत नंगला दुहेली, विकास खण्ड-पुरकाजी-** भूमि प्राप्त, 1000 वर्गमी0 भूमि में से कुछ भूमि सिचाई विभाग द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र में बताये जाने के कारण कार्य बन्द है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर को अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग के साथ संयुक्त पैमाइश कर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत खोजानंगला, विकास खण्ड-पुरकाजी -** तहसीलदार, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, यदि कार्य प्रारम्भ कराने में कोई अवरोध उत्पन्न करता है तो राजस्व विभाग को अवगत करा दिया जाए।

**ग्राम पंचायत बेगमपुर, विकास खण्ड-चरथावल-** भूमि अप्राप्त। तहसीलदार, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है। तहसीलदार को अन्य भूमि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म द्वारा शुगर मिल में भी भूमि प्राप्ति हेतु प्रयास किया जा रहा है।

**ग्राम पंचायत सैदनंगला, विकास खण्ड-चरथावल :-** भूमि अप्राप्त। तहसीलदार, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में भूमि उपलब्ध है, परन्तु रास्ता नही है, जिस पर तहसीलदार सदर को नियमानुसार भूमि प्राप्ति एवं रास्ता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत महाबलीपुर, विकास खण्ड-चरथावल -** भूमि प्राप्त, परन्तु पहुच मार्ग नही है। इसके अतिरिक्त ग्राम में कोई भूमि उपलब्ध नही है। तहसीलदार सदर को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रास्ता प्रदान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

**ग्राम पंचायत दधेडू कलॉ, विकास खण्ड-चरथावल :-** भूमि अप्राप्त। तहसीलदार, सदर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है, जिस पर उपजिलाधिकारी सदर को प्राथमिकता पर ग्राम में अन्य भूमि खोजने हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत चरथावल देहात, विकास खण्ड-चरथावल -** पेयजल योजना दो जोन में विभक्त है। जोन-। (हकीमपुरा) में टयूबवैल निर्माण का कार्य पूर्ण है, परन्तु उक्त भूमि शत्रु सम्पत्ति होने के कारण वर्तमान में कार्य बन्द है, जिस पर उपजिलाधिकारी सदर को प्राथमिकता पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने के साथ-साथ ग्राम में अन्य भूमि भी खोजकर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत रहमतपुर गडवाडा, विकास खण्ड-मोरना-** भूमि अप्राप्त। उपजिलाधिकारी जानसठ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है। सभी भूमि राज्य वन्य जीव बारहसिंघा अभ्यारण्य(पूर्व नाम हस्तिनापुर वन्य जीव विहार) श्रेणी में दर्ज है, जिस पर उपजिलाधिकारी, जानसठ को ग्राम में भूमि खोजकर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा, विकास खण्ड-खतौली-** भूमि प्राप्त, परन्तु ग्रामवासियो के अत्यधिक विरोध के कारण पेयजल योजना के निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पाये है, जिस पर उपजिलाधिकारी खतौली को अपने स्तर से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

**ग्राम पंचायत लोहड्डा, विकास खण्ड-खतौली-** प्रदान की गई भूमि पर टयूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण है। अवर जलाशय का कार्य हॉफ स्टेजिंग तक पूर्ण है। वर्तमान में उक्त प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय, प्रयागराज में विचाराधीन होने के कारण कार्य बन्द है। उपजिलाधिकारी खतौली को उक्त प्रकरण नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा उपजिलाधिकारी, सदर, जानसठ एवं खतौली को उक्त समस्त प्रकरण प्राथमिकता पर यथाशीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

29/11/25

(कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण)
**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

पृ0सं0 7161 / 108 / 105 दिनॉकः- 29/11/2025

**प्रतिलिपि** <u>निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-</u>

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड गंगानहर, सिचाई विभाग, मुजफ्फरनगर।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. उपजिलाधिकारी खतौली, मुजफ्फरनगर।
6. उपजिलाधिकारी, सदर, मुजफ्फरनगर।
7. उपजिलाधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

29/11/25

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

Scanned with OKEN Scanner